epaper
हिन्दुस्तान

# एयर इंडिया के सीईओ बनाए गए इल्कर आयसी

15/02/2022

**मुंबई | एजेंसी**

• इल्कर आयसी

टाटा संस ने तुर्की एयरलाइंस के पूर्व चेयरमैन इल्कर आयसी को अपनी विमानन कंपनी एयर इंडिया का मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है।

टाटा संस ने सोमवार को एक बयान में कहा कि एयर इंडिया के निदेशक मंडल ने आयसी की उम्मीदवारी पर चर्चा करने के लिए सोमवार दोपहर एक बैठक आयोजित की। बैठक में आयसी की नियुक्ति को मंजूरी दी गई। इल्कर आयसी हाल तक तुर्की एयरलाइंस के चेयरमैन थे। 51 वर्षीय आयसी, तुर्की की बिल्केंट यूनिवर्सिटी के पॉलिटिकल साइंस और पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट के 1994 बैच के पूर्व छात्र हैं। आयसी टर्किश फुटबॉल फेडरेशन, टर्किश एयरलाइंस स्पोर्ट्स क्लब और टीएफएफ स्पोर्टिफ एनोनिम सिरकेटी के बोर्ड मेंबर हैं। वह कनाडाई तुर्की बिजनेस काउंसिल और यूएस-तुर्की बिजनेस काउंसिल के सदस्य भी हैं।